SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: Sir, I object. Whether the senior Members are allowed to make speeches and make some explanation, we know. Who is Mr. Makwana? He may be a junior Minister. He is also a colleague of mine.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is giving respect to you.

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: He has equal power and equal authority as I have got.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is giving respect to you.

SHRI YOGENDRA MAKWANA: Sir, when I say that there is considerable improvement in the law and order situation, I or the Government is not satisfied with the improvement. It is an improvement, a definite improvement. But it is not to our satisfaction. Still we want that it should be improved further. But there is an improvement and it can be shown by figures.

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: Don't quote the statistics.

SHRI YOGENDRA MAKWANA: Without statistics, it is impossible for me to show that there is an improvement. Unless I give the figures, it is not possible. Sir, the hon. Member was criticising the law and order situation particularly in Delhi. Sir, about Delhi, I would like to quote the figures. The figure of robberies in 1978 was 508; in 1979, it was 499; and in 1980, it is 249. The number of dacoities was 51 in 1978. 55 in 1979; and 26 in 1980. In the case of murder, the number was 138, 138 and 146 respectively. Now, these are the corresponding figures of the previous years. We can compare these with the present figures. And if we compare the present figures of the crime situation... (*Interruptions*).

श्री रामेश्वर सिंह : यह ग़लत है; ये हैं फिगर्स जो हमने मंगाया है ।

श्री उपसभापति : हां, ठीक हैं आपके फिगर्स हैं । वह अपने फिगर्स दे रहे हैं । आप बैठिए ।

SHRI YOGENDRA MAKWANA: I do not want to go by the figures of Mr. Rameshwar Singh. He may bring the figures from anywhere. But these are the figures from the records of the police. And I am speaking from the records of the police. So, the figures show that there is a considerable improvement in the law and order situation. But, as I said earlier, Sir, we are not satisfied with the present improvement. We want to improve it still more.

Sir, the hon. Member raised some questions. He raised the question about Bihar, the damage done by the police to certain people who were arrested.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The blinding of the prisoners.

SHRI YOGENDRA MAKWANA: Sir, I also saw the reports in the newspaper today only. We would like to call for the information from the State Government because it is pertaining to a State Government, the State Government of Bihar. And I will call for the information and then I will see what can be done. (*Interruptions*).

SHRI HARI SHANKAR BHABHRA: He has taken four days to get the information when everybody in the country was knowing about it.

SHRI YOGENDRA MAKWANA: Sir, the hon. Member raised a question about the promotion of certain officers. Sir, these promotions are not only by seniority, but the principle followed is seniority-*cum*-merit, and on merit certain officers are promoted, superseding some officers. So, it is an administrative matter.

डा० भाई महावीर : हम कभी-कभी स्पेशल मेंशन में आप का ध्यान ऐसी कुछ घटनाओं की तरफ खींचते हैं जैसे अडौरा में बिहार के अन्दर जो कुछ हुआ और जो मैंने यहां पर रेज किया था । क्या आप वहां की स्टेट गवर्नमेंट से रिपोर्ट मांगते हैं और कार्यवाही की जाती है, या हमारा बोलना रेकार्ड में आ गया और बाकी सब कुछ खत्म हो जाता है ।

SHRI YOGENDRA MAKWANA: Sir, I can assure the hon. Members that whatever suggestions they make or whatever they otherwise say is taken due note of by us, and we are certainly asking for the reports from the State Government and wherever necessary, we also ask the State Governments to take necessary action.

DR. BHAI MAHAVIR: Will you be good enough to tell us what has happened as a result?

SHRI YOGENDRA MAKWANA: Sir, in the case of special mentions, it is not a practice of this House to write to hon. Members. But if any hon. Member writes to me, I will certainly reply to him furnishing whatever information that he may seek to know from me. I will certainly reply.

Sir, the other question was regarding...

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: The foreign hand.

SHRI YOGENDRA MAKWANA: I will come to that also. The other question was regarding the attack on the press. Sir, we are also concerned about it and we highly condemn those who have attacked the press.

DR. BHAI MAHAVIR: You are condemning. Do you know what happened in Bangalore?

SHRI YOGENDRA MAKWANA: We are condemning those who attacked the press and the Chief Minister, as I understand and as I know, is not at all concerned in this matter.

DR. BHAI MAHAVIR: The Youth Congress (I) was.

SHRI YOGENDRA MAKWANA: Please hear me, Sir, I said, Sir, we condemned and at the same time necessary action is taken by the Government concerned where the complaint was lodged with the State Government. So far as the foreign hand is concerned . . .

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: What happened to Mr. Garcha from your party? Has any legal action been taken?

SHRI YOGENDRA MAKWANA: So far as the foreign hand is concerned, the Prime Minister has very clearly stated that there is no foreign hand in the riots of Moradabad or anywhere else. Money certainly came but it came for religious purposes, for some institutions and if anybody says that the money is used for this, that is not right.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, Shri Mathur.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्रीमन्, काफी कुछ कहा जा चुका है । जो घटनाएं श्री रामेश्वर सिंह और मेरे दूसरे साथियों ने बतायी है और समाचारपत्रों में आयी हैं उन से दो-तीन बातें साबित हुई हैं ।

SHRI YOGENDRA MAKWANA: Sir, my Minister wants to say a few words.

गृह मंत्री (ज्ञानी जैल सिंह) : उपसभापति जी, मै इन्टरवीन नही करना चाहता था । बात ठीक चल रही थी । लेकिन हमारे रामेश्वर सिंह जी और कुलकर्णी जी ने कुछ बाते मेरा नाम लेकर कही है, इसलिए मैं चाहता हूं कि मैं उनका ध्यान खींचू ।

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी : शुक्रिया ।

ज्ञानी जैल सिंह : कुलकर्णी जी ने एक तो यह कहा कि आप ऐसे मुख्य मंत्री रखे हैं, उस में दो-तीन मुख्य मंत्रियों के नाम भी दिये । यह बात बुनियादी तौर पर कुलकर्णी जैसे पार्लियामेंटेरियन की तरफ से नहीं आनी चाहिए थीं । मुख्य मंत्री विधान सभा के मेम्बर होते हैं, वह पार्लियामेंट के मेम्बर नहीं हैं । जो इस सभा का मेम्बर नहीं हैं, जो अपनी बात एक्सप्लेन नहीं कर सकता उसके बारे में कोई बात करना इरेलेवेंट है और नियमों के खिलाफ है । वहां की सरकार की बात यह कर सकते थे, वहां के कार्यक्रम के बारे में कह सकते थे, लेकिन यह नहीं करना चाहिए था । अब भी मैं कहूंगा कि कुलकर्णी जैसे आदमी को यह नहीं कहना चाहिए था ।

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: I do not want to start any discussion, but Zailsinghji knows that the Rajya Sabha has its own conventions. (*Interruptions*).

SHRI HARI SINH BHAGUBAVA: MAHIDA: No, no. There should not be any such conventions when you can speak about persons who are absent. How can there be such a convention? Nobody should be allowed to abuse . . . (*Interruptions*).

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: When Mr. Salve and others were saying so many things, we did not object. So, for Heaven's sake, do not go to that jungle. I would request my friends not to go into the technicalities; that would not serve the purpose.

ज्ञानी जैल सिंह : उपसभापति जी, मैं आप से प्रार्थना करूंगा आप इस हाऊस के कस्टोडियन हैं । आप सब की इज्जत को बचायेंगे और कानूनकायदे से सदन को चलायेंगे । यह आप का काम है । मैं आशा करता था कि इस बात से आप उन को रोक देंगे कि गुन्डू राव का नाम जो उन्होंने लिया है वह उन का नाम **कर के नहीं लेंगे । उन को** कहना अनपार्लियामेंटरी है और आप के मुंह से शोभा नहीं देता । (*Interruptions*) अब आप दूसरी गलती कर रहे हैं । मैं ने आप की पूरी बात सुनी । आप मेरी बात सुन नहीं रहे । मैं आप से आशा करता हूं कि आप का दिल बहुत बड़ा होगा । जितना बड़ा आप का कद है, जितना आप का स्टेचर है उतना ही बड़ा आप का दिल होगा । तो आप मेरी बात सुनिये । आप मेरी तारीफ भी नहीं सुन रहे हैं और मेरी आप निन्दा भी कर गये । उपसभापति जी, जब मैं उनकी तारीफ भी करता हूं तो वह नहीं सुन रहे हैं ।

**Expunged on ordered by the Chair.

श्री अरबिंद गणेश कुलकर्णी : तारीफ आप को मुबारक हो । मैं किसी की निन्दा नहीं करता ।

ज्ञानी जैल सिंह : आप ने कटाक्ष तो किया । निन्दा की बात मैं छोड़ देता हूं । आप ने इशारतन कहा । मैं आप को कहना चाहता हूं कि आप उन शब्दों को निकाल दें । उनको** कहना गलत बात है । वे कर्नाटक के मुख्य मंत्री है । उन का नाम गुन्डू राव है और वह एक शरीफ आदमी हैं, वह एक नेक आदमी है और वह एक प्रापर पर्सन हैं । उनको जनता के वोटों ने वहां पहुंचाया है, चुन कर भेजा है और किसीएक स्टेट के नेता के खिलाफ ऐसी बात कहना उचित नहीं है ।

दूसरी बात उन्होंने अंतुले जी का नाम भी लिया और हमारे राजस्थान के मुख्य मंत्री का नाम भी लिया ।

श्री अरबिन्द गणेश कुलकर्णी : मैंने नाम नहीं लिया । (*Interruption*)

ज्ञानी जैल सिंह : नाम नहीं लिया ? (*Interruption*) हो सकता है . . .

श्री अरबिंद गणेश कुल कर्णी : पहाड़ियां तो गरीब आदमी है । उसका नाम मैं क्यों लूंगा ।

(*Interruption*) I have taken the names of those who attacked this press.

ज्ञानी जैल सिंह : उपसभापति जी, मेहरबानी कर के आप उन को कहिये कि वे ऐसी गलती क्यों करते हैं । आप को समय मिल सकता है । यह बात आप को अच्छी नहीं लगती । (*Interruption*) मैं आप से नहीं, उन से कह रहा हूं । (*Interruption*) यह आप की मर्जी है । मैं तो उन का बहुत अदब करता हूं लेकिन कोई गलत बात कहें तो जवाब जरूर दूंगा । अंतुले जी के नाम पर उन्होंने कहा । आप को मालूम होगा कि अभी असेम्बली के स्टेट में जो इलेक्शन हुए हैं उस में अंतुले जी 62 हजार वोटों से अपने विरोधियों को हरा कर आये हैं, जीते हैं और उस में उन की पार्टी का भी कैंडीडेट था और उन का भी था और उन का भी था । तो उन सब कैंणीडेट्स को हरा कर वह आये हैं और उनको वहां की स्टेट असेम्बली ने यूनेनिमस हो कर चुना है । और ऐसे आदमी के प्रति वह ऐसी शिकायत करते है, यह अच्छी बात नहीं है ।

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: On a point of order, Sir.

श्री उपसभापति : आप ने अपनी बात तो कह दी । अब उन की बात भी सुनिये ।

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: I have great respect for my friend, Zail Singhji, but the Home Minister of the Government of India is so ill-informed that I pity him. My party did not contest; it was the Janata Party. I did not blame Mr. Antulay or anybody but he said that if Mr. Madhav Gadkari, Editor of Bombay Sarkar has exposed some matter, that can be taken care of under National Security Ordinance or MISA. I only referred to that statement. I did not blame Mr. Antulay. He is also a good friend of mine.

ज्ञानी जैल सिंह : उपसभापति जी, मैं कुलकर्णी जी का बड़ा मशकूर हूं । उन्होंने बता दिया कि उनका कोई कैंडिडेट नहीं था । असल बात यह है कि अपोजिशन पार्टीज को कोई कैंडिडेट मिला ही नहीं । इलेक्शन से पहले ही हार मान ली और कैंडिडेट था तो उसको खड़ा करके उसको सपोर्ट करते रहे । मैं कुलकर्णी जी से पूछता हूं कि आपने अन्तुले जी के खिलाफ जो उम्मीदवार खड़ा किया था उसको मदद देने का ऐलान किया था या नहीं ? (*Interruption*)

श्री कलराज मिश्र : इस प्रकार की भाषा बोलेंगे तो . .

(*Interruptions*)

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: Sir, I am on a point of order.

**Expunged as ordered by the Chair.

श्री उपसभापति : कोई प्वाइंट आफ आर्डर नहीं है, जवाब देने दीजिए । इस पर प्वाइंट आफ आर्डर नहीं उठता ।

(Interruption)

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: Again, he has taken my name now. An editorial has appeared in the 'Times of India' today. It has criticised Mr. Antulay by saying that 54,000 votes is no criterion for talking irrelevance. It has said that vote does not give the authority to talk irrelevance. This is what has appeared in 'The Times of India'. *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : कोई प्वाइंट आफ आर्डर नहीं उठता है । माननीय मंत्री जी आप जो प्रश्न हैं उनका जवाब दे दें। *(Interruption)*

श्री हरी शंकर भाभड़ा : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । जब रामेश्वर सिंह जी बोल रहे थे तो उन्होंने कुछ घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया और आपने कहा कि ये मामले से सम्बन्धित नहीं हैं । इस पर आपने अलाऊ नहीं किया । लेकिन जब गृह मंत्री श्री अन्तुले के चुनाव की मतगणना बता रहे हैं और सारे चीफ मिनिस्टरों की जीत की डुम-डुम घोष कर रहे हैं तो क्या इससे सम्बन्धित यह बात है ? सीधा मेरा व्यवस्था का प्रश्न है कि यदि ये पोलिटिक्स यहां लायेंगे तो हमें भी कहने दें . . . *(Interruption)*

श्री उपसभापति : माननीय सदस्य श्री कुलकर्णी जी ने जो आरोप लगाये उसके सिलसिले में उन्होंने कहा । प्रेस के बारे में जो बात उन्होंने कही उसका जवाब उन्होंने दिया . . . . *(Interruptions)*

श्री हरि शंकर भाभड़ा : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे इतनी रूलिंग दे दीजिए कि इस तरह की जितनी पोलिटिक्स आप अलाऊ करेंगे तो हमको भी अलाऊ करेंगे ? जिस ढंग से वह जवाब दे रहे हैं वह हमें भी अलाऊ करेंगे ? . . . *(Interruption)*

श्री उपसभापति : आपको तो हमेशा अलाऊ करते हैं । आप उनकी बात सुनिये . . . *(Interruption)*

श्री हरी शंकर भाभड़ा : हम उन के हर तर्क का उत्तर सटीक दे सकते हैं बशर्ते आप उनको जैसे अलाऊ करते हैं, हमें भी करिए । . . . *(Interruptions)*

ज्ञानी जैल सिंह : उपसभापति जी, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मेरे बोलने के बीच में 6–7 प्वाइंट आफ आर्डर के लिए आपने इजाजत दी है । मैं आपसे यह आशा नहीं रखता . . . *(Interruption)*

श्री उपसभापति : प्वाइंट आफ आर्डर उठेगा तो जरूर मौका दिया जाएगा ।

श्री शिव चन्द्र झा : उपाध्यक्ष महोदय, प्वाइंट आफ आर्डर हमारा राइट है । *(Interruptions)*

श्री हरी शंकर भाभड़ा :

Sir, this is a reflection on the Chair, by the Home Minister. We cannot tolerate it. He is charging you.

आप इस हाउस की इज्जत को बचाइये । होम मिनिस्टर, गृह मंत्री आप पर रिफ्लेक्शन कास्ट कर रहे हैं . . .

(Interruption)

ज्ञानी जैलसिंह : मैं उपसभापति जी का बड़ा सत्कार करता हूं और सबसे ज्यादा सत्कार करता हूं । अब भी मेरे मन में सत्कार है और मैंने कोई ऐसा लफ्ज नहीं कहा । मैंने यह कहा है कि आप जैसे उपसभापति होते हुए इतना इनडिसिप्लिन नहीं होना चाहिये । . . . *(Interruption)*

डा० भाई महावीर : आपने सुना क्या कहा उन्होंने । *(Interruption)*

DR. M. M. S. SIDDHU (Uttar Pradesh): He has not come here to discipline the House. *(Interruptions)* He can discipline himself, he has not come here to discipline the House.

SHRI HARI SHANKAR BHABHRA: This is a charge on the Chair. This is a charge on you. *(Interruptions)*.

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: This is a kind of promotion given to you also by the Home Minister.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I do not require any promotion.

ज्ञानी जैल सिंह : आज आप उपसभापति हैं तो सब मेम्बरों का और मिनिस्टरों का पूरा फर्ज है कि आपका सत्कार करें । मैं वह आदमी हूं कि आप जब उपसभापति नहीं थे तब भी आपका सत्कार करता था और आज भी मैं आपकी रेस्पेक्ट करता हूं । मेरे मन में कोई ऐसी बात नहीं है । मैं फिर दर्खास्त करूंगा कि आप इतने समझदार और महान उपसभापति होते हुए मेरी बात पूरी होने तक इनको कंट्रोल नहीं करते यह मैं कह रहा हूं । *(Interruption)*

श्री उपसभापति : आप अपनी बात कहिये । *(Interruption)*

श्री कलराज मिश्र : इन्होंने आप पर आरोप लगाया है इस पर आप व्यवस्था दीजए ।

SHRI BHUPESH GUPTA: On a point of order. When the Union Home Minister has been good enough and gracious enough to entertain us in such a manner, do you think we should interrupt him? I would request you to ask him to come to the centre of the hall and entertain us, all of us, as a common possession of the House.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is very much in the centre of the hall.

श्री रामेश्वर सिंह : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है ।

श्री उपसभापति : 20 मिनट हो गये हैं आपको बोलते हुये । अब क्या आपका व्यवस्था का प्रश्न है । *(Interruption)*

श्री रामेश्वर सिंह : मैं प्रार्थना करूंगा . . .

ज्ञानी जैल सिंह : मेरी बात पूरी होने के बाद इनकी व्यवस्था को सुन लीजिए।

श्री रामेश्वर सिंह : पहले मेरी व्यवस्था सुन लीजिए । *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : क्या व्यवस्था है आपकी ।

ज्ञानी जैल सिंह : ठीक है तो पहले आप इनकी बात सुन लीजिए । जितनी देर तक आप कहेंगे मैं बैठा रहूंगा । बाद में मैं बोलूंगा । *(Interruption)*

श्री उपसभापति : क्या व्यवस्था है ।

श्री रामेश्वर सिंह : मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि जब मैंने आपसे कहा कि हमें आप इजाजत दीजिए बोलने के लिये तो आपने मेरा समय काट दिया ।

श्री उपसभापति : आप 20 मिनट तक बोलते रहे । मैंने आपका समय नहीं काटा।

श्री रामेश्वर सिंह : आपने हमें संविधानिक बातें भी नही बोलने दी । आपने हमें अपने पक्ष को भी नहीं रखने दिया। *(Interruption)*

श्री उपसभापति : आपने बड़े जोरदार ढंग से अपने पक्ष को रखा ।

श्री रामेश्वर सिंह : आपने हमारे साथ पक्षपात किया। *(Interruption)*

श्री उपसभापति : अच्छा किया अगर पक्षपात किया । आपका कोई प्वाइंट आफ आर्डर नहीं है ।

श्री रामेश्वर सिंह : जो मंत्री महोदय बात कह रहे हैं उनका इससे कोई मतलब नहीं है । अन्तुले साहब की बात इन्होंने कही इसका कोई मतलब नहीं है इस बात से। *(Interruption)*

श्री उपसभापति : मंत्री जी तो अभी कुछ बोले ही नहीं ।

श्री रामेश्वर सिंह : जहां तक चुनाव का सवाल है इन्होंने जबर्दस्ती पोलिंग बूथ पर अपना कब्जा कराया है। *(Interruption)*

श्री उपसभापति : कोई प्वाइंट आफ आर्डर नहीं उठता। (*Interruptions*)

श्री सीता राम केसरी : इन्होंने चेयर पर जो एसपर्शन किया है वह वापस लिये जायें।

श्री उपसभापति : चेयर पर कोई एसपर्शन होगा तो उसको मैं देख लूंगा।

ज्ञानी जैल सिंह : उपसभापति जी, मैं बड़े अदब से कहना चाहता हूं कि लोगों के प्रतिनिधि यहां आये हुए हैं। हम किसी के कार्यक्रम को सराह नहीं सकते तो निन्दा भी नहीं कर सकते। लेकिन पर्सनल इज्जत हमको एक दूसरे की बरकरार रखनी चाहिये। अगर हम पर्सनल इज्जत बरकरार नहीं रखते तो लोग हमारी इज्जत नहीं करेंगे। हमारे ऊपर तमाम लोग देखते है। मैंने यह बात कही थी, इसलिए यह इरिलेवेन्ट नहीं है, असंगत नहीं है। चूंकि उन्होंने जिक्र किया था इसलिए मैंने कहा। वह तो अपने आप को डिफेन्ड नहीं कर सकते और गृह मंत्री अगर किसी स्टेट के मुख्य मंत्री के प्रति कोई बात कही जाय और वे सभा में बैठे हुए हों और वह मुख्य मंत्री को डिफेन्ड न करें तो गृह मंत्री अपनी ड्यटी पूरा नहीं करता है। इसलिए मैंने अपना फर्ज पूरा किया है। इन दोस्तों से मेरा कोई झगड़ा नहीं है। मैं उनका अदब करता हूं, इज्जत करता हूं, सत्कार करता हूं। लेकिन मैं फिर यह कहूंगा कि आप हमारी सरकार के कारनामों के बारे में जितना कह सकते है कह लीजिए, बुरा कह लीजिए, भला कह लीजिए . . . (*Interruption*) मैं तो हंसता रहा हूं। श्री रामेश्वर सिंह जी गुस्सा हो गये और इल्जाम लगाने लग गये . . . (*Interruption*) आप शांति रखिए। आपने तीन अखबार दिखाए। उनमें से एक में मेरा फोटो भी दिखलाया। मेरा फोटो पास स्वामी के साथ है, यह मैं नहीं जानता। वह स्वामी हैं या नहीं हैं यह मैं नहीं जानता। लेकिन आप उनको स्वामी कहते हैं. . . (*Interruption*)

श्री रामेश्वर सिंह : पेपर मैंने दिखाया है . . . (*Interruption*)

श्री उपसभापति : आप अपनी बात कह चुके हैं। आप अब बैठ जाइये।

ज्ञानी जैल सिंह : उपसभापति महोदय, उनको मैंने कुछ कहा नहीं है। श्री रामेश्वर-सिंह जी, आप इतनी जल्दी क्यों करते हैं। जरा सब्र से बात कीजिए। आप बहुत अच्छा बोले, प्रभावशाली बोले, हालांकि उसमें कुछ नहीं था, कोई खास बात नहीं थी। लेकिन आप बोले हैं . . . (*Interruption*)

श्री उपसभापति : आप मंत्री महोदय को बोलने दीजिए।

ज्ञानी जैल सिंह : उनकी राय बहुत अच्छी थी। मुझे ऐसा लगा कि उन्होंने जो तीन पेपर दिखलाये, उन तीनों पेपरों से न तो मेरा कोई विरोध है और न ही उनसे मेरा कोई खास ताल्लुक है। लेकिन मेरा यह ख्याल है कि वह बिल्कुल इरिलेवेन्ट बात है। उन्होंने फोटो छापे हैं। मिनिस्टरों के फोटो छपते हैं। उनके पास कई लोग आ जाते है। हम सबको जानते भी नहीं है और वे फोटो उतार ले जाते हैं। फोटो छापने में बुराई की बात नहीं है। मुझे तो ऐसा लगता है कि आनरेबल मेम्बर की उन पेपरों के मालिकों के साथ बहुत हमदर्दी है। उन्होंने यहां पर उनका जिक्र करके सारे हिन्दुस्तान में उनका ऐसा एडवरटाइजमेंट कर दिया कि हजारों रुपए खर्च करके भी वे ऐसा नहीं कर सकते थे। इसमें उनका कोई नुकसान नहीं है। हमारा भी कोई नुकसान नहीं है लेकिन फायदा भी कोई नहीं है। उन पेपरों को कुछ फायदा हो गया है। इसमें हमारा कोई

[श्री ज्ञानी जैल सिंह]

कसूर नहीं है कि लोग हमारा फोटो उतार ले जाते हैं । फोटो के हिसाब से आप हमारे कामों को मत देखिए । हमारे कार्यों के हिसाब से हमको देखिए ।

दूसरी बात श्री कुलकर्णी जी ने कही है . . . (*Interruption*) श्री रामेश्वर सिंह जी, आप शांति से मेरी बात सुनिए, सच पूछिए तो मुझे अभी तक पुख्ता पता नहीं है कि आप लोक दल में हैं या नहीं हैं । पहले मुझे से इस बारे में एक बार गलती हुई । उपसभापति जी, मुझे माफ करें, मैं एक इरिलेवेन्ट बात कह रहा हूं। आपकी इजाजत हो तो मैं कह दूं । हमने सब पार्टियों के नेताओं की एक बैठक बुलानी थी तो मैंने लोक दल के नेता को भी बुलाया । चौधरी चरण सिंह जी मिले नहीं । तो मैंने सोचा कि जनरल सेक्रेटरी को बुला लूं । मैंने श्री नरेन्द्र सिंह जो लोक दल के जनरल सेक्रेटरी थे उनको टेलीफोन से बुलाया तो वे आ गये । मेरी उनसे बात हुई और लोक दल के नेता के रूप में मैं उनसे बात करता रहा । बात सुनने के बाद मुझे पता लगा कि उन्होंने लोक दल छोड़ दिया है । इसलिए मुझे मालूम नहीं है कि आप लोक दल में कब आये और कब नही आये । मैं पर्सनली आपकी इज्जत करता हूं ।

अब मैं श्री कुलकर्णी जी की बात पर आता हूं । उन्होंने मेरे से यह कहा कि . . .

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी : प्रेस पार्टी का क्या हुआ ?

ज्ञानी जैल सिंह : उपसभापति जी, अगर कुलकर्णी जी चाहते है कि उनकी बात का कोई जवाब न दिया जाय तो मुझे भी इस पर कोई एतराज नहीं है । मैं उनके क्वेश्चन का जवाब नहीं देता हूं ताकि वह शांत रहें ।

श्री उपसभापति : श्री जगदीश प्रसाद माथुर ।

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन्, आप पहले मेरी बात सुन लीजिए । मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

श्री उपसभापति : कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

(*Interruption*)

श्री रामेश्वर सिंह : यह जो किताब मैंने दी है . . .

श्री उपसभापति : यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन, मेरा कहना यह है कि . . . (*Interruption*)

श्री उपसभापति : श्री रामेश्वर सिंह का भाषण नहीं लिखा जाएगा ।

श्री रामेश्वर सिंह : (*Continued to speak*).

श्री उपसभापति : श्री रामेश्वर सिंह जी, आप बैठ जाइए । स्वामी जी को चाहिए कि आपका भी फोटो छाप दें ।

श्री रामेश्वर सिंह : (*Continued to speak*).

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्रीमन्, काफी गरमा गरमी हो गई है । मैं समझता था कि गृह मंत्री सरदार जी बोलेंगे तो ऐसी बात कहेंगे . . .

श्री उपसभापति : आप अपना प्रश्न पूछिए ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : वहीं से तो पकडूंगा ।

कोई ऐसी बात कहेंगे जो कि एक सीनियर मिनिस्टर के इन्टरवेंशन के लिए आवश्यक होगी । उन्होंने अपने इन्टरवेंशन

में कोई ऐसी बात नहीं कही । इन छोटी-छोटी बातों का उल्लेख मकवाणा साहब भी कर सकते थे । मुझे खेद है कि सरदार जी भी, उन्हीं के कहने के अनुसार, आज आंखें खोल कर सुन रहे थे । पिछली बार उन्होंने कहा था कि आंखें खोलकर सुना करो ।

(*Interruption*)

ज्ञानी जैल सिंह : आंखें खोल कर देखा जाता है, सुना नहीं जाता ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आपके वाक्य को ही दोहराया है । आपने एक बार कहा था कि आंखें खोल कर सुनिए । इसी लिए मैंने निवेदन किया कि आज आप आंखें खोल कर सुन रहे थे ।

श्रीमन्, यदि कोई दल या कोई सरकार यह दावा करे कि देश में किसी प्रकार की गड़बड़ी कहीं नहीं होगी तो मैं समझता हूं कि यह दावा अनुचित होगा । आज देश में लॉ एंड आर्डर की स्थिति बिगड़ रही है । यह चिन्ता की बात जरूर है । लेकिन मैं यह मान कर नहीं चलता कि कहीं पर कभी कोई गड़बड़ नहीं होगी । लेकिन चिन्ता का जो विषय है श्रीमन्, वह यह है कि जिन बातों के उदाहरण रामेश्वर सिंह जी ने, श्री कुलकर्णी जी ने और झा साहब ने दिए है उनसे और समाचार-पत्रों में जो प्रकाशित हुआ है, उससे दो-तीन बातें स्पष्ट होती हैं । आज से पहले भी दंगे होते थे, झगड़े होते थे, चोरी होती थी, डकैती पड़ती थी, कत्ल होते थे, लेकिन उनकी रूपरेखा कुछ अलग थी और आज की रूपरेखा अलग है, चिन्ता का विषय यह है । कारण क्या है ? इसमें दो-तीन बातें मुख्य हैं । मुझे चिन्ता इस बात की है कि जो दल सत्ता में बैठे हैं उनके प्रधान मंत्री से लेकर नीचे तक के आदमी जब इन बातों के लिए प्रोत्साहन दें और उससे झगड़े खड़े हों । असली चिन्ता यहां है । आसाम के विषय में मकवाणा जी ने कई बातें कही हैं । मानता हूं कि वहां पर लॉ एंड आर्डर की सिचुएशन बिगड़ी हुई है । आप जरा अपने गिरेबान में मुंह डालकर देखें कि वहां स्थिति क्यों बिगड़ी ? कई महीनों पहले, जब आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था, यहां से कांग्रेस (आई) के नेतृत्व ने, स्वयं प्रधान मंत्री जी ने भी कुछ छिपे शब्दों में बंगाल और आसाम के बीच की रेल गाड़ियों को, बसों को अर्थात् सारे ट्रेफिक, को बन्द करने की योजना को प्रोत्साहन दिया था । आज उनकी पुलिस वहां पर है, फौज है, । फौज भी कामयाब नहीं हो रही है क्योंकि उसमें भी कई गड़बड़ियां है ? चिंता का विषय यह है कि सरकार और सरकारी मशीनरी, सरकारी नेता इन चीजों को रोकने के बजाय छुपे या खुले रूप से सहायता करने लगे हैं । आज यह स्थिति आ गई है । दुर्भाग्य है । अगर मैं नाम लेना शुरू करूं तो बहुत गलत होगा 1967 के बाद और खासतौर से 1975-76 के बाद कुछ ऐसे एलीमेन्ट हमारी राजनीति में आ गया है, और जिसका श्रेय--मुझे यह कहना पड़ेगा नहीं तो मैं भी शामिल हो जाऊंगा--आज के सत्ताधारी दल को है--जो सामान्यतः ऐसा नहीं है जैसा देश के एक आदर्श नागरिक को होना चाहिए । और यह लोग पुलिस के मामले में इन्टरफियर करते है । आप किसी पुलिस अधिकारी से पूछें । मैं सरदार जी और मकवाणा साहब से कहूंगा कि उनके जो चैहते, भिंडर साहब हैं उनको भी यदि वे बुला लें तो वे भी कहेंगे कि पुलिस बहुत-सी बातें केवल इस लिए नहीं कर पाती कि उस में लगातार पोलिटिकल इन्टरफियरेन्स होता रहता है । पोलिटिकल इंटरफियरेंस के कई तरीके हैं । एक तरीका तो यह है कि खास तौर से सत्तारूढ दल के लोगों द्वारा पोलिटिकल इंटरफियरेंस किया जाता है । वे लोग जाकर अधिकारियों को कहते हैं कि इस को छोड़ दो, फलां को छोड़ दो । विरोधी दल के नेता को कोई पूछता ही नहीं है । अभी दूसरे सदन के एक सदस्य के बात हमारे एक साथी ने कही । मैं नाम नहीं लेना चाहता । उन्होंने एक कांड किया;

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

लड़की मर गई । उनके खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई । दूसरा उदाहरण मैं देना चाहता हूं दिल्ली में गौतम जयसिघानी का कत्ल हुआ । आज कितने महीने हो गए । श्रीमन्, उसकी अब भी पूछताछ पूरी नहीं हुई । अगर मैं उसके पीछे छिपी हकीकत कहूंगा तो आप नाराज हो जाएंगे । अभी शोरगुल मच जाएगा । कांग्रेस (आई) के एक नेता जो अब इस दुनिया में नहीं रहे, उनके कुछ लोगों का संबंध उस मामले से था । उनके परिवार के लोगों का संबंध था । इसलिए पुलिस आज भी इस मामले का पता नहीं लगा सकी । इसी तरह, निरंकारी बाबा की हत्या का मामला है । कई महीने हो गए, कहीं भी कुछ नहीं किया जा सका । एक तो सीधा इंटरफियरेंस होता है और दूसरा इंटरफियरेंस प्रोमोशन और रिक्रूटमेंट का है । मैं आपके ही द्वारा सदन में दिए गए जवाब को उद्धृत करता हूं । दिल्ली पुलिस की भर्ती की गई । पिछले दिनों में कुल 760 आदमियों की भर्ती हुई जिसमें से 242 केवल उस गुरदासपुर जिले के है जहां से पुलिस कमिश्नर भिण्डर साहब की पत्नी एम० पी० है । ऐसा क्यों ? और दिल्ली से कितने भर्ती किए गए हैं । कुल 55 । यदि इस प्रकार का पक्षपात होगा तो चाहे सरदार जी हों, चाहे मकवाणा साहब हों या स्वयं भगवान को भी ला कर बैठा दीजिए फिर भी पुलिस ठीक काम नहीं करेंगी । भिण्डर साहब को आप लाए (*Time bell rings*) देखिए बहुतों ने समय लिया है मैं कोई बेतुकी बात नहीं कर रहा हूं । मैं उदाहरण भी नहीं दे रहा है । केवल मेरे ऊपर कानून चला, यह तो अच्छा नहीं है । पांच मिनट और लूगा ।

श्री उपसभापति : पांच मिनट बहुत ज्यादा हो जाएगा ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : अच्छा 10 मिनट दे दीजिए ।

श्री उपसभापति : दो मिनट ले लीजिए ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : दो से शुरू कर के पांच तक जाऊगा । आप सैकड़ों लोगों को पीछे डाल कर भिण्डर साहब को लायेंगे और उनकी पत्नी को लोक सभा का मैम्बर बना दिया जायेगा, तो पुलिस का अनुशासन नहीं रह सकता । फिर कौन उनको पकड़ेगा ? इसी तरह एक और तरीका है पोलिटिकल इंटरफियरेंस का । सत्ता में बैठे राजनीतिक दल के लोग खुल्लमखुला ऐसी बातें करते हैं जो नहीं करनी चाहिए । इसके उदाहरण हैं । समाचार-पत्रों पर आक्रमण से ले कर बलात्कार तक सब काम हुए है । यदि इन घटनाओं के पीछे राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हिम्मत-अफजाई न हो तो यह सब कैसे हो सकता है । लेकिन दुःख यह है कि प्रधान-मंत्री से ले कर नीचे तक छोटे बड़े नेता और मंत्री किसी ने कभी न तो उनको कंडम किया बल्कि उनको प्रोटेक्ट किया और उनके साथ समझौता किया । यदि यह स्थिति रही तो पोलिटिकल इंटरफियरेंस जिस प्रकार चलता है, चलता रहेगा । उडीसा उदाहरण, बंगलौर का उदाहरण, हैदराबाद का उदाहरण, एनाडु नाम के समाचार पत्र को घेरा । जब घेरा तो समाचार पत्रों में छपा । आंध्र के मंत्री ने पुलिस के आई० जी० से कहलवा दिया कि प्रोटेक्शन नहीं दी जाएगी । This is what the Labour Minister said यह पोलिटिकल इंटरफियरेंस स्थिति की एक नयी दिशा है । दूसरी नयी दिशा है पोलिटिकल हत्यायें । पहले राजनीतिक हत्यायें नहीं होती थीं । आज राजनीतिक हत्यायें हो रही हैं । कम से कम पिछले छः महीनों में जब से इंदिरा जी की सरकार दोबारा आई 7 60–70 पोलिटिकल हत्यायें हुई है । एटा का ताजा उदाहरण सामने हैं । एक भूतपूर्व एम० एल० ए० श्री सतीश शर्मा की हत्या कर दी गई । मारे जाने वालों में प्राय : कोई भी सत्तारूढ़ दल का व्यक्ति नहीं है । सारे उदाहरण मैं नहीं देना चाहता । मरने वाले सारे के सारे विरोधी दलों के नेता हैं । यह आज

का नया ट्रेड है। एक नयी बात और सामने आई है that is the professional apathy. पुलिस के लोगों में आज उत्साह नहीं है। क्यों नहीं है? एक तो यह पोलिटिकल इंटरफियरेंस है दूसरा यह कि जितनी चीजें उनको दी जानी चाहिए वे नहीं दी जातीं।

श्री सीताराम केसरी : भूख नहीं लगी है ?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप वादा करते हैं मुझे लंच खिलाना तो मैं अभी बंद करता हूं, खिलायेंगे ? ज्यादा नहीं खाता हूं 15–20 रुपए का ही खाऊंगा, अंतिम बात कहता हूं .....

श्री उपसभापति : अब समाप्त करिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : पुलिस में सुधार की आवश्यकता है। आवश्यकता का अर्थ यह नहीं है कि केवल उनको खींचा जाय। रिक्रूटमेंट की प्रक्रिया को कुछ थोड़ा-सा बदलिए। इस आधार पर लोगों को मत रखिए कि किसके पीछे किसका हाथ है। ईमानदारी से उनके चरित्र को, उनकी ट्रेनिंग को देखिए तथा पुलिस फोर्स को माडरनाइज करिए। नारों के आधार पर योजना न करें और एक बात कहना चाहता हूं। जो दंगे हुए हैं, वे हिन्दू मुस्लिम रायट्स नहीं थे, न हैं। सच्ची बात यही है। मैं मुरादाबाद गया था, अलीगढ़ नहीं गया था। सबका कहना यह है कि मुरादाबाद में हिन्दू मुस्लिम रायट नहीं हुआ। प्रारम्भ में कुछ लोगों द्वारा पुलिस का विरोध किया गया और उस पर हमला हुआ लेकिन पुलिस और उसके बाद दरपर्दा उत्तर प्रदेश की सरकार ने और दरपर्दा केन्द्र की सरकार ने इसको हिन्दू मुस्लिम के झगड़े का रुख दिया ? अत : दंगा इसलिए नही होता कि दो सम्प्रदायों के बीच में झगड़ा हुआ हो लेकिन इस बात से होता है कि उसको साम्प्रदायिक रूप देने के लिए सरकार और सरकार के अधिकारी स्वयं असलियत को परिवर्तित करते हैं। श्रीमन्, मैं यह कभी दावा नहीं करता हूं कि कोई भी सरकार ऐसी स्थिति लायेगी कि जहां कोई लॉ एण्ड आर्डर सिचुएशन नहीं होगी। लेकिन कुछ दिशायें पैदा हुई है जिन दिशाओं का आधार आप हैं गृह मंत्री जी कान खोल कर सुनिए, कारण आप हैं आपका दल है, सरकार है। उन दिशाओं को रोकिए। इन दिशाओं को रोक देंगे तो मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि 50 प्रतिशत आपका काम हो जायेगा।

श्री उपसभापति : अब आप कृपया समाप्त करिए। आपने सब कह दिया है, गृह मंत्री जी।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : दूसरे शिकायतों के बारे में पुलिस का रिकार्ड ही ऐसा है *(Interruption)* शिकायतें रिकार्ड करते ही नहीं है. . . . *(Interruption)* मुझे लंच के लिए चलना है।

श्री योगेन्द्र मकवाणा : माननीय उपसभापति जी, काफी बातें माथुर साहब ने कहीं हैं और खास कर उन्होंने उस बात पर जोर दिया कि पुलिस में ज्यादा इन्टरफियरेंस हो रहा है। यह बात सही नहीं है। पहले था, बहुत था लेकिन अब इन्टरफेयरेंस नहीं है। मैं माथुर साहब से कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार में कोई पुलिस में इन्टरफेयर नहीं कर रहा है। कुछ ऐसी बातें हों कि वे सब्स्टेन्शियेट कर सकें तो ठीक बात है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप पुलिस का रिकार्ड देख लीजिए। वहां पर कौन-कौन से लोकल नेता जाकर छुड़वाते हैं, आपको मालूम हो जायगा। मैं नहीं कहता कि सरदार जी या आप छुड़वा देंगे, बड़े-बड़े मरडर और स्मगलर आयेंगे उनको आप छुड़वा देंगे। छोटे-मोटे को नहीं छुड़वायेंगे।

श्री योगेन्द्र मकवाना : ऐसे छोटे-मोटे जाते होंगे तो इसका असर पुलिस पर नहीं है।

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन् ...

श्री उपसभापति : अब कहने दीजिए ।

श्री योगेन्द्र मकवाणा : एक बात उन्होंने पोलिटिकल मर्डर की कही है । वह हम भी कहते है । लेकिन कैसे होता है । यह सदन की बात है इसमें सब पोलिटिकल पार्टीज को सोचना पड़ेगा . . *(Interruptions)*

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : क्या कांग्रेस 'आई' का कोई मर्डर करता है ?

श्री योगेन्द्र मकवाणा : कांग्रेस 'आई' के बहुत मर्डर हैं, आपको मालूम नहीं है, मेरे पास आंकड़े है, हमारे पास आ जाइये मैं बताऊंगा । पुलिस के माडरनाईजेशन की बात का जहां तक ताल्लुक है वह हमारे ध्यान में है, बहुत से माडरनाईजेशन के स्टेप हमने लिए है ...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : गुरदासपुर डिस्ट्रिक्ट के फिगर्स दिए है ? उनको आप देखेंगे कि कितनी गड़बड़ी हुई है ।

श्री योगेन्द्र मकवाणा : गुरदासपुर में जो रिक्रूटमेंट हुआ, वह इसलिए हुआ कि कई लोग शिड्यूल कास्ट्स के चाहिएं थे वे नहीं मिले तो वहां ... *(Interruptions)*

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब सबके सेंटर हैं । श्रीमन् आप कहें तो पढ़ दूं । कम से कम 50 सेंटर्स हैं ।

श्री उपसभापति : आपको मालूम है . . . *(Interruptions)* जो आपने कह दिया और उनकी बात, दोनों की बात सामने आ गयी है ।

SHRI N. K. P. SALVE (Maharashtra): Mr. Deputy Chairman, Sir, the subject-matter of the Calling Attention—the deteriorating law and order situation in the country—is an extremely serious matter, and not for a moment could I spell out, from what was said by the Minister of State for Home Affairs or by the Home Minister, that they were complacent about the law and order situation. Not could it be spelt out, in all fairness, as though both of them or their Ministry are playing violin when Rome is burning, an allegation made by my esteemed friend, Mr. Kulkarni. In fact, it is a situation which warrants continuous vigilance. Various historical factors are there into which I do not want to go at this stage. But, Sir, there is an alarming deterioration in the law and order situation in a particular part of the country and in which organised violence, political violence, is being unleashed on a political party which is very deleterious, very pernicious to the working of democracy in the country, and conditions exist in terms of which the provisions of the Constitution are not being followed in that particular State. It is a fit case for action being taken under article 356. I refer to West Bengal. Sir, it is a matter of very deep regret, so far as I am concerned, that on this serious matter the hon. Member who initiated the debate should have made a speech which, I regret to say, was an exercise in sheer pornography. Such things could not have been said before his daugther or daughter-in-law. When I refer to Bengal and say it is a serious matter, when I submit that it is a serious matter when I submit that it is a atter in which there is organised violence unleashed and the constitutional machinery is not being used in accordance with the provisions of the Constitution but according to the whim, caprice and private humour of the political party in power to serve and subserve the party's own end. I can give you concrete instances as to how the constitutional machinery as such has completely collapsed. Party officials have started acting like police officials, magistrates and Government officials and are causing havoc. And my question to the Home Minister is, whether or not, times without number, the orders of the High Court of Calcutta are being flouted right, left and centre, under the name of what is known as Operation Share-croppers'

Rights. The small cultivators in whose favour decrees are issued by the Calcutta High Court are being ousted by the CPM workers. The small cultivators are not protected by the police because the people who oust them are CPM workers. As a result of that, there have been 36 murders to which the police are helpless spectators. The police are instructed systematically to misbehave with the opposition people, to harass them and to persecute them. I want to know from the Minister of State for Home Affairs whether or not on the 24th November, four Congress leaders were mercilessly beaten at Chinchura, district Hooghly.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Congress (I) or Congress (U)? Make it clear.

SHRI N. K. P. SALVE: I am referring to Congress(I) members. The four victims who were mercilessly beaten are Ajit Panja . . .

SHRI BHUPESH GUPTA: Capital "I" or small "i"?

SHRI N. K. P. SALVE: Bhupeshda, I am capable of taking care of you and everybody, but I request you as a senior Member at least to listen to this matter seriously.

SHRI BHUPESH GUPTA: I am listening.

SHRI N. K. P. SALVE: How capital is the "I" you have known in 1980 and in many other elections also you will know.

SHRI BHUPESH GUPTA: There are two Congresses; they are fighting each other, killing each other. One is small "i" and the other is capital "I".

SHRI N. K. P. SALVE: Our fight is because we work on democratic lines. In the CPI there is a much bigger fight between you and Dange. So forget about it. These things do go on. It shows virility. The four people—please listen, Mr. Bhupesh Gupta—who were beaten mercilessly are Ajit Panja, President of the PCC, Gopal Das Nag, Abdul Sattar and Bhavani Singh Roy, three out of whom are ex-Ministers of Bengal and outstanding and distinguished leaders in public life. One of them Ajit Panja, is lying with a broken leg. I would like to know from the Minister whether or not it is a fact that Shri Subrata Mukherjee was mercilessly beaten in September in Calcutta itself. He was hit ruthlessly on the neck, a place where usually even the police people do not hit. He is an ex-Minister of Bengal. And when the Chief Minister was asked to make a statement, what did he say? He said the police unfortunately could not recognise him and that is why they beat him. There is indiscipline sought to be systematically inducted into the police. I want to know whether or not pro-CPM police officials the other day took out a procession in uniform with police band at Cinsura and whether or not they shouted slogans describing the Prime Minister as fascist, etc, etc. If this be correct, can there be a more flagrant violation of the State official machinery being abused, grossly abused, in violation of the requirements of Constitutional propriety? Ours is a quasi-federal constitution. I do not want to go into it. If this is how officials are being used, that shows the attitude of the Government and the party in power. Police is being systematically incited to indiscipline and is being encouraged to build up... (*Time bell rings*) Please give me two minutes, Mr. Deputy Chairman. I have a few specific questions to ask. I want to know whether or not it is true in the process of politicalising the police force—that is my all allegation against the Government of West Bengal—there was one Deputy Commissioner in Calcutta, one Mr. Talukdar who openly criticised his senior, the Commissioner, one Mr. Sinha, as a clown, and when he did so—what happened?—when a complaint was made, Mr. Talukdar was promoted and Mr. Sinha was removed from the place. This is how things are going on. That is primarily because Mr. Talukdar has been a pro-CPM man right from his college days.

I want to know from the Minister whether or not Promode Das Gupta, Secretary, CPM, Chairman, Left Front Committee which is almost a super Cabinet . . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप उनको कैसे इतना समय दे रहे है ? हमको तो आपने रोक दिया ।

श्री उपसभापति : घंटी बजा दी है । 2 मिनट और समय दे दिया है ।

